Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 29 ▫ अंक- 192 ▫ रायपुर, मंगलवार 4 अगस्त 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## ब्रेकिंग न्यूज

### मंत्रिपरिषद की बैठक कल, सीएम साय की अध्यक्षता में होगी आयोजित



**रायपुर, 4 अगस्त (हाईवे चैनल)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में 05 अगस्त को राज्य मंत्रिपरिषद की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। मंत्रिपरिषद की यह बैठक सुबह 11:30 बजे से मंत्रालय महानदी भवन स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी।

### सड़क हादसे में आप के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष घायल, बाइक सवार को बचाने के प्रयास में हुआ हादसा



**जांजगीर-चांपा, 4 अगस्त (हाईवे चैनल)।** जिले में नेशनल हाईवे पर सड़क हादसे में आम आदमी पार्टी (आप) के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ, जब वे अकलतरा से बिलासपुर की ओर जा रहे थे। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, रास्ते में अचानक सामने आए एक बाइक सवार युवक को बचाने के प्रयास में उनकी गाड़ी अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में अभिषेक मिश्रा को चोटें आई हैं। घटना के बाद आसपास मौजूद स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें इलाज के लिए बिलासपुर भेजा गया। फिलहाल अभिषेक मिश्रा की स्थिति पर डॉक्टरों की निगरानी बनी हुई है। हादसे की सूचना मिलने के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में चिंता का माहौल है। पुलिस ने भी घटना की जानकारी लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### ई20 का विरोधः 'उम्मीद है कि प्रधानमंत्री हमें बुलाएंगे', केजरीवाल के मार्च को पुलिस ने रोका, धरने पर आप नेता

**नई दिल्ली, 4 अगस्त (न्यूज चैनल)।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार दोपहर पीएम आवास तक अपने समर्थकों के साथ मार्च करने का एलान किा है। केजरीवाल और उनके साथी ई-20 पेट्रोल के विरोध में पार्टी मुख्यालय से दोपहर 12 बजे 100 लोगों के साथ निकल चुके हैं और केजरीवाल पीएम को 2.33 लाख लोगों द्वारा हस्ताक्षरित याचिका सौंपेंगे। हालांकि, दिल्ली पुलिस से मार्च की इजाजत नहीं मिली है।

## विधानसभा रोड पर हादसा

# स्कूल बस की चपेट में आने से बच्चे की मौत



**रायपुर, 4 अगस्त (हाईवे चैनल)।** राजधानी रायपुर के विधानसभा रोड पर मंगलवार 4 अगस्त को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में दो वर्षीय मासूम की जान चली गई। निजी स्कूल की बस की चपेट में आने से बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में मातम और आक्रोश का माहौल है। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में बस्तीवासी विधानसभा थाना पहुंच गए। लोगों ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए अपना विरोध दर्ज कराया। पुलिस ने बस चालक और कंडक्टर को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। हादसा किन परिस्थितियों में हुआ, इसकी जांच की जा रही है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है। आसपास के लोगों के बयान भी दर्ज किए जा रहे हैं। जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सुरक्षाबलों को मिली सफलता, नक्सल डंप से राइफल और 47 जिंदा कारतूस बरामद



**सुकमा, 4 अगस्त (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में नक्सल विरोधी अभियान के तहत मंगलवार को सुरक्षा बलों ने बड़ी सफलता हांसिल की. बोधराज पाड़र के जंगलों में संयुक्त सर्च ऑपरेशन के दौरान नक्सली डंप बरामद किया गया है. जहां 315 बोर बोल्ट एक्शन रायफल और भारी मात्रा में जिंदा कारतूस छिपाकर रखी गई थी। जानकारी के अनुसार, एसपी मयंक गुर्जर के निर्देशन और एएसपी (ऑप्स) रोहित शाह के मार्गदर्शन में नक्सल उन्मूलन अभियान लगातार चलाया जा रहा है. इसी के तहत 3 अगस्त को भेज्जी थाना पुलिस और सीआरपीएफ की 50वीं बटालियन की संयुक्त टीम को बोदराजपदर के जंगल में भेजा गया था. यहां नक्सलियों के अवैध गतिविधियां की सूचना मिली थी. गहन तलाशी के बाद नक्सलियों के डंप को बरामद कर लिया गया।

## डब्ल्यूआरएस कॉलोनी के तालाब में मिली अज्ञात युवती की लाश



**रायपुर, 4 अगस्त (हाईवे चैनल)।** राजधानी रायपुर के खमतराई थाना क्षेत्र अंतर्गत डब्ल्यूआरएस कॉलोनी स्थित तालाब में मंगलवार को एक अज्ञात युवती का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। मृतका की उम्र करीब 24 से 25 वर्ष बताई जा रही है। घटनास्थल से युवती का मोबाइल फोन बरामद हुआ है। पुलिस मोबाइल के आधार पर उसकी पहचान करने का प्रयास कर रही है। मामले की सूचना मिलते ही डीसीपी नॉर्थ, एसीपी उरला, स्नस्रुकी टीम और क्राइम ब्रांच के अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाने की कार्रवाई शुरू कर दी है। फिलहाल युवती की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस हत्या, हादसा और आत्महत्या—तीनों संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

# नपा के सीएमओ गिरफ्तार, बाइक सवार 2 की मौत का मामला

## घटनास्थल से मिले नेमप्लेट से हुआ खुलासा

**मुंगेली, 4 अगस्त (हाईवे चैनल)।** जरहागांव थाना पुलिस ने तखतपुर नगर पालिका के सीएमओ अमरेश सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। 1 अगस्त की रात बरेला मेन रोड पर हुई सड़क दुर्घटना में सीएमओ की सरकारी स्कोडा कार ने बाइक को टक्कर मार दी थी। हादसे में 2 महिलाओं की मौत हो गई और 1 युवक गंभीर घायल है। समयऔर कैलेंडर पुलिस के मुताबिक सीएमओ तेज रफ्तार और गलत दिशा से कार चला रहे थे। घटनास्थल पर गिरी 'सीएमओ (यूएडी) सीजी गर्वमेंट' की नेमप्लेट से पहचान हुई। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक, सीएमओ अमरेश सिंह कांग्रेस जिलाध्यक्ष की जन्मदिन पार्टी से मुंगेली से तखतपुर लौट रहे थे, इस दौरान यह हादसा हुआ था। प्रार्थी विश्वनाथ बसोर, निवासी शिक्षक नगर पंडरिया की रिपोर्ट पर यह मामला दर्ज किया गया।



रिपोर्ट में बताया गया कि 1 अगस्त को उनकी भाभी किरण बसोर अपने साथियों के साथ शादी समारोह के ऑर्डर के सिलसिले में ग्राम हरदी गई थी। वापस लौटते समय बरेला मेन रोड पर सड़क पर गाय आ जाने के कारण उन्होंने अपनी एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल सड़क किनारे रोक दी थी। इसी दौरान मुंगेली से बिलासपुर की ओर जा रही कार क्रमांक सीजी-15-डीएन-3866, जिस पर 'सीएमओ (यूएडी) सीजी गर्वमेंट' लिखा हुआ था, तेज रफ्तार एवं गलत दिशा से आई और बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

हादसा इतना भीषण था कि किरण बसोर (39 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से घायल अंजली बसोर (35 वर्ष) को बिलासपुर के सिम्स अस्पताल रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उन्होंने भी दम तोड़ दिया। इस तरह इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। तीसरे घायल विकेश साहू (करीब 36 वर्ष) की हालत गंभीर बनी हुई है और उसका उपचार जारी है। बताया जा रहा है कि तीनों मुंगेली के विनोबा नगर निवासी हैं और तखतपुर से मुंगेली लौट रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के तुरंत बाद कार चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया था। बाद में दुर्घटना स्थल से कार की 'सीएमओ' लिखी नेम प्लेट बरामद हुई, जबकि दुर्घटनाग्रस्त स्कोडा कार तखतपुर नगर पालिका कार्यालय के पास क्षतिग्रस्त अवस्था में खड़ी मिलने की जानकारी सामने आई थी।

## सोशल मीडिया पर सेना के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट, सीआईएसएफ कांस्टेबल की सैलरी कटौती की सजा को हाईकोर्ट ने ठहराया सही

**बिलासपुर, 4 अगस्त (हाईवे चैनल)।** हाईकोर्ट ने भारतीय सेना और पैरामिलिट्री फ़ोर्स के ख़िलाफ़ फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले सीआईएसएफ कांस्टेबल की विभागीय सजा को उचित मानते हुए याचिका खारिज कर दी. कोर्ट ने सैलरी में कटौती की सज़ा को सही ठहराते हुए कहा कि यह सज़ा दुर्व्यवहार के हिसाब से सही थी. संविधान के आर्टिकल 226 के तहत अपने अधिकार क्षेत्र का इस्तेमाल करते हुए, वह तब तक दखल नहीं दे सकता जब तक कि जांच में कोई प्रक्रियात्मक गड़बड़ी न हो या सज़ा बहुत ज़्यादा या अनुचित न हो। कॉन्स्टेबल ने अनुशासनात्मक और अपीलीय अधिकारियों के उस आदेश को चुनौती दी, जिसमें एक साल के लिए सैलरी में स्टेज की कटौती (संचयी प्रभाव के साथ) की सज़ा दी गई. याचिकाकर्ता का तर्क था कि उसका भारतीय सेना या



पैरामिलिट्री फ़ोर्स का अपमान करने का कोई इरादा नहीं था और विभाग यह साबित करने के लिए ठोस सबूत पेश करने में नाकाम रहा कि आपत्तिजनक सोशल मीडिया पोस्ट याचिकाकर्ता ने ही अपलोड किए. उसने यह भी तर्क दिया कि उसे अपनी बात रखने का उचित मौका नहीं दिया गया और सजा बहुत ज़्यादा थी।

विभाग ने कहा कि याचिकाकर्ता ने 23 और 24 जून 2020 को अपने फेसबुक अकाउंट पर पांच आपत्तिजनक पोस्ट अपलोड किए थे, और तय प्रक्रिया का पालन करते हुए पूरी विभागीय जांच की गई।




चूहा- सुनती हो, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन अपना ही गढ़ नहीं बचा सके..!

चुहिया- हां जी, अब तो जनता को नितिन नवीन से मिलना भी मुश्किल हो गया है न..!

## युवाओं को रील्स नहीं, नौकरियां चाहिए, कांग्रेस ने बेरोजगारी के मुद्दे पर मोदी सरकार को घेरा

**नई दिल्ली, 4 अगस्त (न्यूज चैनल)।** कांग्रेस ने मंगलवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा। विपक्षी पार्टी ने आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी सरकार की गलत आर्थिक और रोजगार नीतियों के कारण देश का पूरा रोजगार बाजार गहरे संकट में पहुंच गया है। पार्टी ने कहा कि



युवाओं को खुश करने के लिए केवल रील्स बनाना काफी नहीं है, उन्हें नौकरियों की जरूरत है। विपक्षी पार्टी ने दावा किया कि मोदी सरकार युवाओं के रोजगार संकट का समाधान निकालने के बजाय सुर्खियां बटोरने और मुद्दों से ध्यान भटकाने की राजनीति में लगी हुई है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक मीडिया रिपोर्ट का स्क्रीनशॉट साझा किया। इस रिपोर्ट में दावा किया गया था कि देश की बड़ी घरेलू कंपनियां पहले की तुलना में अब कम कर्मचारियों को नौकरी दे रही हैं। मीडिया रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया कि देश की बड़ी सूचीबद्ध कंपनियों में नई भर्तियों की रफ्तार धीमी हो गई है।

## 45 करोड़ के जाली नोटों की डील में 1.13 करोड़ की ठगी, रायपुर का कारोबारी बना शिकार, बड़े नेटवर्क के शामिल होने की आशंका

**रायपुर, 4 अगस्त (हाईवे चैनल)।** राजधानी रायपुर में नकली नोटों के लालच में कारोबारी के साथ 1.13 करोड़ रुपये की ठगी का मामला सामने आया है. करीब 45 करोड़ रुपये के नकली नोटों को बाजार में खपाने की तैयारी थी. सौदा तय होने के बाद आरोपियों ने पैसे ले लिए लेकिन नकली नोट भी उपलब्ध नहीं कराए. इस मामले में नकली नोटों के नेटवर्क की आशंका खड़ी हो गई है. पूरा मामला तेलीबांधा थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार, सोशल मीडिया पर वीडियो देखने के बाद कारोबारी आरोपियों के संपर्क में आया. आरोपियों ने उमेश गुप्ता से संपर्क कर दावा किया कि उनके पास नकली नोट उपलब्ध है. आरोपियों ने 1 करोड़ 13 लाख रुपये के बदले 45 करोड़ के नकली नोट का ऑफर दिया. इसके बाद रायपुर और महाराष्ट्र के होटलों के अलावा अन्य स्थानों पर बैठक हुई।

सौदे को अंतिम रूप देने के लिए रायपुर के तेलीबांधा थाना क्षेत्र के अलग-अलग होटलों में कई बैठकें आयोजित की गईं. आरोपियों ने खुद को ऐसे नेटवर्क से जुड़ा बताया, जो बड़ी मात्रा में नकली नोट उपलब्ध करा सकता है. भरोसा जीतने के लिए वे लगातार पीड़ित के संपर्क में रहे और अलग-अलग बहानों से रकम की मांग करते रहे। आरोप है कि कुछ रकम रायपुर में ली गई, जबकि शेष राशि लेने के लिए पीड़ित को महाराष्ट्र के अलग-अलग स्थानों पर बुलाया गया. इस तरह आरोपियों ने कथित तौर पर कुल 1 करोड़ 13 लाख रुपये अपने कब्जे में ले लिए। रकम मिलने के बाद आरोपी नकली नोटों की खेप आने, सुरक्षा व्यवस्था और डिलीवरी से जुड़े नए-नए बहाने बनाते रहे. काफी समय बीतने के बावजूद न तो नकली नोट दिए गए और न ही रुपये लौटाए गए. ठगी का एहसास होने पर कारोबारी ने तेलीबांधा थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस इस पूरे मामले की दो अलग-अलग पहलुओं से जांच कर रही है. पहला, शिकायत में दर्ज 1 करोड़ 13 लाख रुपये की ठगी और दूसरा, एफआईआर में लगाए गए उस आरोप की जांच, जिसमें कथित तौर पर नकली नोटों के लेन-देन और उन्हें बाजार में खपाने की योजना का जिक्र किया गया है।

# जल संरक्षण को मिलेगा नया आधार, जिले के 357 जल स्त्रोतों पर बनेंगे सैंड फिल्टर

**धमतरी, 4 अगस्त (हाईवे चैनल)।** जल संरक्षण और भू-जल संवर्धन को जनभागीदारी से जोड़ते हुए धमतरी जिला प्रशासन ने ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक जल स्त्रोतों के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की है। वीबी-जी रामजी योजना के अंतर्गत जिले के 357 जल स्त्रोतों पर सैंड फिल्टर निर्माण कार्यों के लिए 185.64 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। यह पहल वर्षा जल के वैज्ञानिक प्रबंधन, जल स्त्रोतों की गुणवत्ता बनाए रखने तथा भू-जल पुनर्भरण को सुदृढ़ करने की दिशा में एक प्रभावी कदम मानी जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार धमतरी विकासखंड में 78, कुरूद विकासखंड में 124, मगरलोड विकासखंड में 48 तथा नगरी



**भू-जल संवर्धन एवं जल स्त्रोत संरक्षण को मिलेगी नई गति**

विकासखंड में 107 सैंड फिल्टर निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने बताया कि सैंड फिल्टर जल स्त्रोतों के संरक्षण की एक वैज्ञानिक एवं प्रभावी तकनीक है। तालाब, कुएं, जलाशय तथा अन्य सामुदायिक जल स्त्रोतों के समीप सैंड फिल्टर के निर्माण से वर्षा जल के साथ आने वाली मिट्टी, गाद, प्लास्टिक, कचरा तथा अन्य अशुद्धियां प्राकृतिक रूप से छन जाती हैं। इससे जल स्त्रोतों में गाद का जमाव कम होता है, जल की गुणवत्ता बनी रहती है तथा भू-जल पुनर्भरण की प्रक्रिया को भी मजबूती मिलती है। उन्होंने बताया कि इस योजना का उद्देश्य केवल जल स्त्रोतों का संरक्षण करना ही नहीं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षा जल के बेहतर प्रबंधन को सुनिश्चित करते हुए जल उपलब्धता को दीर्घकालिक आधार प्रदान करना भी है। सैंड फिल्टर निर्माण कार्य जल संरक्षण के साथ-साथ प्राकृतिक संसाधनों के वैज्ञानिक एवं टिकाऊ प्रबंधन की दिशा में जिले की दीर्घकालिक विकास रणनीति का हिस्सा है। इससे जल स्त्रोतों का संरक्षण, भू-जल संवर्धन, स्वच्छ पेयजल उपलब्धता तथा पर्यावरणीय संतुलन को मजबूती मिलेगी। कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में जिले में जल संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विभिन्न विभागों के समन्वय से अनेक नवाचार आधारित कार्य किए जा रहे हैं। सैंड फिल्टर निर्माण की यह पहल भी उसी श्रृंखला की महत्वपूर्ण कड़ी है, जो जल स्त्रोतों के संरक्षण के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में दीर्घकालिक जल सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगी।

## तृषा पर टिप्पणी को लेकर छिड़ा सियासी बवाल उदयनिधि स्टालिन को पुलिस ने हिरासत में लिया

**नई दिल्ली, 4 अगस्त (न्यूज चैनल)।** द्रमुक नेता और तमिलनाडु विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उदयनिधि स्टालिन को अभिनेत्री तृषा कृष्णन पर की गई कथित टिप्पणी के मामले में हिरासत में लिया गया है। यह कार्रवाई मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय की पार्टी टीवीके द्वारा पुलिस और राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) में शिकायत दर्ज कराने के बाद की गई।

टीवीके की तंजावुर केंद्रीय जिला महिला विंग की संयोजक एस. बैरवी ने तंजावुर पूर्व पुलिस थाने में उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। इसके साथ ही टीवीके ने इस मामले को लेकर राष्ट्रीय महिला आयोग में भी शिकायत दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उदयनिधि स्टालिन को हिरासत में लेने से पहले उनके आवास पर पुलिस की भारी संख्या में तैनाती की गई थी। दरअसल, उदयनिधि की



विवादित टिप्पणी के बाद टीवीके के कार्यकर्ताओं ने उनके आवास का घेराव करने का एलान किया था। इसी के मद्देनजर पुलिस ने एहतियातन पहले से ही वाली पुलिसकर्मियों की तैनाती कर दी थी।

डीएमके नेता और पूर्व मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन की एक हालिया टिप्पणी ने तमिलनाडु की राजनीति में बड़ा विवाद खड़ा कर दिया है। कावेरी जल विवाद को लेकर तंजावुर में आयोजित एक रैली के दौरान विपक्ष के नेता उदयनिधि स्टालिन ने अभिनेत्री तृषा से जुड़ी एक टिप्पणी की। सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद उनकी टिप्पणी को लेकर विपक्षी दलों ने आपत्ति जताई। टीवीके के विधायक रेवंत चरण ने इस टिप्पणी को बेहद आपत्तिजनक और अस्वीकार्य बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि द्रमुक नेतृत्व राजनीतिक संवाद का स्तर गिरा रहा है और जानबूझकर उकसावे वाली राजनीति कर रहा है। कावेरी मुद्दे पर रैली को संबोधित करते हुए उदयनिधि स्टालिन मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय की आलोचना कर रहे थे। इसी दौरान भीड़ से तृषा, तृषा के नारे लगने लगे। वायरल वीडियो के अनुसार, उदयनिधि ने कहा, कावेरी का एक बूंद पानी भी नहीं मिला। लेकिन क्या मुख्यमंत्री ने इस पर मुंह खोला नहीं।